
**NEWS CLIPPING:07.10.2023**

# NAVBHARAT TIMES

## पॉडकास्ट के बारे में बताया



**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद** : जेसी बोस यूनिवर्सिटी के संचार व मीडिया तकनीकी विभाग की तरफ से अंडर ग्रैजुएट लास्ट ईयर के छात्रों के लिए पॉडकास्ट प्रॉडक्शन पर मास्टर क्लास हुई। भोपू वाला क्रिएटिव सॉल्यूशंस, नोएडा के वरिष्ठ साउंड इंजीनियर मयंक दीप मुख्य रूप से मौजूद रहे। व्याख्यान की शुरुआत में विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने मास्टर क्लास का उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छात्रों को पॉडकास्ट उत्पादन तकनीकों की समझ देने, पॉडकास्ट रिकॉर्डिंग व संपादन का व्यावहारिक अनुभव देने के लिए यह आयोजन किया गया।

**NEWS CLIPPING:07.10.2023**

# HINDUSTAN

# छात्रों ने पॉडकास्ट बनाने के तौर-तरीके सीखे

**कार्यशाला**

फरीदाबाद, संवाददाता। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मीडिया पाठ्यक्रम के यूजी अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए पॉडकास्ट प्रोडक्शन पर मास्टर क्लास आयोजित की गई। इसमें छात्रों को रेडियो प्रोडक्शन रूम की आंतरिक कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी मिली।

व्याख्यान के लिए संसाधन व्यक्ति भोपूवाला क्रिएटिव सॉल्यूशंस, नोएडा के वरिष्ठ साउंड इंजीनियर मयंक दीप थे। मास्टर क्लास का उद्देश्य छात्रों को पॉडकास्ट उत्पादन तकनीकों की समझ देना था। व्याख्यान से छात्रों को पॉडकास्ट रिकॉर्डिंग और संपादन का व्यावहारिक अनुभव मिला। छात्रों को ऑडियो उपकरण से संबंधित नवीनतम तकनीकों से भी अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने अनुभव किया कि रेडियो स्टेशनों के माध्यम से कैसे लाइव कार्यक्रम प्रसारित होते हैं और रेडियो प्रसारण के तकनीकी पहलुओं को भी समझा। व्याख्यान व्यावहारिक-उन्मुख था, और छात्रों को ऑडियो रिकॉर्डिंग, संपादन और मिश्रण का व्यावहारिक अनुभव मिला।



फरीदाबाद स्थित जेसी बोस विश्वविद्यालय में शुक्रवार को आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रो. संदीप ग्रोवर • हिन्दुस्तान

## ऑटोमोबाइल में सेंसर्स के अनुप्रयोग पर कार्यशाला

विश्वविद्याल के रॉयल एनफील्ड प्रशिक्षण केंद्र ने ऑटोमोबाइल में सेंसर्स के अनुप्रयोग पर पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल) कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यक्रम स्नातकोत्तर (पीजी) छात्रों और अनुसंधान विद्वानों के लिए आयोजित किया गया था। इसका उद्देश्य ऑटोमोटिव सेंसर प्रौद्योगिकी की दुनिया में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करना था। कार्यशाला में लांबा रबर केमिकल्स के सीईओ महेश लांबा मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने छात्रों के साथ उपयोगी जानकारी साझा की।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

**NEWS CLIPPING:07.10.2023**

# TEHELKA JAJBA

## जेसी. बोस विश्वविद्यालय में ऑटोमोबाइल में सेंसर्स के अनुप्रयोग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**तहलका जज्बा**

**फरीदाबाद।** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के रॉयल एनफील्ड प्रशिक्षण केंद्र ने ऑटोमोबाइल में सेंसर्स के अनुप्रयोग पर पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल) कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।यह कार्यक्रम स्नातकोत्तर (पीजी) छात्रों और अनुसंधान विद्वानों के लिए आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य



ऑटोमोटिव सेंसर प्रौद्योगिकी की दुनिया में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करना था।

कार्यशाला में लांबा रबर केमिकल्स के सीईओ श्री महेश लांबा मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता रहे। श्री लांबा का संबोधन उद्यमिता कौशल के महत्व पर केन्द्रित रहा। उन्होंने छात्रों के साथ उपयोगी जानकारी साझा की। इस अवसर पर डीन (संस्थान) प्रो. संदीप ग्रोवर,, डीन (एफईटी) प्रो. राज कुमार, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रो. अरविंद गुप्ता, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रो. प्रदीप डिमरी, प्रो. तिलक राज और प्रो. हरिओम उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान, प्रो. संदीप ग्रोवर ने प्रतिभागियों को आधुनिक ऑटोमोबाइल प्रौद्योगिकियों में सेंसर्स के व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर जानकारी प्रदान की तथा ऑटोमोटिव उद्योग में उपयोग किए जाने वाले सेंसर सिस्टम के बारे में विस्तार से बताया। इससे पहले आरपीएल कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. प्रीत कौर ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और कार्यशाला के उद्देश्यों का अवलोकन प्रदान किया। रॉयल एनफील्ड ट्रेनिंग सेंटर के समन्वयक डॉ. भूपिंदर यादव ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य अतिथि, वक्ताओं तथा प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

**Recognised by UGC under Section 2 (f) & 12 (B) of UGC Act, 1956 | Accredited 'A' Grade by NAAC**

**NEWS CLIPPING:07.10.2023**

# PIONEER

## बीटेक दाखिले के लिए ओपन काउंसलिंग 13 अक्टूबर को

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विभिन्न बीटेक पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए 13 अक्तूबर को एक और ओपन काउंसलिंग आयोजित करेगा, जिसके लिए पात्र अभ्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

यह निर्णय हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा सोसायटी (एचएसटीईएस), पंचकूला द्वारा जारी निर्देश की अनुपालना में लिया गया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार, ओपन काउंसलिंग बीकेट तथा बीटेक (लीट) पाठ्यक्रमों के लिए आयोजित की जा रही है और दाखिला रिक्त सीटों की मेरिट के आधार पर किया जाएगा। ओपन काउंसलिंग में हिस्सा लेने के लिए इच्छुक अभ्यार्थियों को 11 अक्तूबर को दोपहर तीन बजे तक निर्धारित आवेदन शुल्क के साथ अकादमिक शाखा में आवेदन फार्म जमा करवाना होगा। अभ्यार्थियों को प्रत्येक श्रेणी (एआईसी/टीएफडब्ल्यू/ईडब्ल्यूएस/केएम) में अलग से आवेदन करना होगा। ऐसे पात्र अभ्यर्थी जो दाखिले के लिए पहले आवेदन कर चुके है, उन्हें भी ओपन काउंसलिंग में हिस्सा लेने के लिए पुनः आवेदन करना होगा। सभी विद्यार्थी इसका लाभ उठा सकते हैं।

**NEWS CLIPPING:07.10.2023**

# AAJ SAMAJ

## पॉडकास्ट प्रोडक्शन पर मास्टर क्लास आयोजित की

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग द्वारा मिडिया के यूजी अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए पॉडकास्ट प्रोडक्शन पर मास्टर क्लास आयोजित की गई। व्याख्यान के लिए संसाधन व्यक्ति भोपूवाला क्रिएटिव सॉल्यूशंस, नोएडा के वरिष्ठ साउंड इंजीनियर श्री मयंक दीप थे। व्याख्यान की शुरूआत विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह के स्वागत भाषण से हुई। मास्टर क्लास का उद्देश्य छात्रों को पॉडकास्ट उत्पादन तकनीकों की समझ देना था। व्याख्यान से छात्रों को पॉडकास्ट रिकॉर्डिंग और संपादन का व्यावहारिक अनुभव मिला। व्याख्यान विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। अध्यक्ष ने संकाय सदस्य द्वारा किए गए प्रयास को बधाई दी और सराहना की और भविष्य में छात्रों के लिए अधिक व्यावहारिक-उन्मुख कार्यशालाएं आयोजित करने का वादा किया व्याख्यान का संचालन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. भारत धीमान ने किया।

**NEWS CLIPPING:07.10.2023**

# NAVBHARAT TIMES

## सेंसर्स की एप्लिकेशन लेकर हुई कार्यशाला

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी के रॉयल एनफील्ड प्रशिक्षण केंद्र ने ऑटोमोबाइल में सेंसर्स की एप्लीकेशन पर पूर्व शिक्षण मान्यता कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यक्रम PG छात्रों व रिसर्च से जुड़े लोगों के लिए आयोजित किया गया। कार्यशाला में लांबा रबर केमिकल्स के CEO महेश लांबा मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता रहे। महेश लांबा ने छात्रों के साथ उपयोगी जानकारी साझा की।